भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 618

गुरूवार, 23 जुलाई, 2026/1 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन का विकास**

**618 श्री रवंगवरा नारजारी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर पूर्वी क्षेत्र के पर्यटन परिप्रेक्ष्य में अष्टलक्ष्मी महोत्सव 2024 की ब्रांडिंग के प्रभाव और दृश्यता का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए निवेश जुटाने हेतु क्या पहल की गई है;

(ग) क्या सरकार ने पर्यटकों को एक ही पैकेज के अंतर्गत भ्रमण की सुविधा प्रदान करने के लिए असम के राष्ट्रीय उद्यानों के पर्यटन सर्किटों का मानचित्रण किया है; और

(घ) वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान असम के राष्ट्रीय उद्यानों में आने वाले घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीवी) की संख्या सहित राष्ट्रीय उद्यान-वार राजस्व का योगदान कितना है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): अष्टलक्ष्मी महोत्सव 2024 का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा 6 से 8 दिसंबर, 2024 तक नई दिल्ली में किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित किया गया, जिसमें क्षेत्र की हस्तशिल्प, कला, संस्कृति और व्यंजनों को एक साथ प्रस्तुत किया गया। साथ ही, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा कारीगरों और उद्यमियों के लिए आर्थिक अवसर सृजित करने पर भी विशेष बल दिया गया। इस कार्यक्रम ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की दृश्यता और ब्रांडिंग को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया।

(ख): उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय इस क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है, जो गंतव्य विकास के लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के निवेश को उत्प्रेरित करने का कार्य करती है। यह सीएफए वर्तमान में संचालित योजनाओं जैसे स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) तथा तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) के अंतर्गत, योजना के दिशा-निर्देशों के अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधि की उपलब्धता आदि की शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है। मंत्रालय ने

अब तक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 60 पर्यटन परियोजनाओं के लिए 2998.87 करोड़ रुपये की सीएफए प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय उत्तर-पूर्वी राज्यों में क्षेत्र के विविध पर्यटन उत्पादों और पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करने, निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने, हितधारकों की सहभागिता को बढ़ावा देने तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की एक पर्यटन गंतव्य के रूप में दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष क्रमिक आधार पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का भी आयोजन करता है।

इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 23 और 24 मई, 2025 को नई दिल्ली में "उभरता हुआ उत्तर-पूर्व" - निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किया।

(ग): पर्यटन मंत्रालय असम के राष्ट्रीय उद्यानों सहित पर्यटन परिपथों के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है तथा पर्यटकों के आवागमन को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, पर्यटन कार्यक्रमों का आयोजन आदि जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से इन गंतव्यों का प्रचार-प्रसार करता है।

(घ): असम के राष्ट्रीय उद्यान में वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी) तथा विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीवी) से संबंधित विवरण असम सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए राजस्व के योगदान के उल्लेख सहित **अनुबंध** में दिए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री रवंगवरा नारजारी द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 23.07.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 618 के भाग (घ) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान असम के राष्ट्रीय उद्यानों में घरेलू पर्यटकों (डीटीवी) और विदेशी पर्यटकों (एफटीवी) का आगमन**

| गंतव्य | 2023-24 | | 2024-25 | | 2025-26 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घरेलू पर्यटक | विदेशी पर्यटक | घरेलू पर्यटक | विदेशी पर्यटक | घरेलू पर्यटक | विदेशी पर्यटक |
| काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | 306979 | 13904 | 378970 | 15677 | 435138 | 29883 |
| नामेरी राष्ट्रीय उद्यान | 23172 | 1135 | 48634 | 1373 | 54538 | 1484 |
| मानस राष्ट्रीय उद्यान | 52394 | 1453 | 67831 | 3202 | 58772 | 4951 |
| डिब्रू सैखुवा राष्ट्रीय उद्यान | 1804 | 16 | 3003 | 28 | 2420 | 16 |
| ओरंग राष्ट्रीय उद्यान | 4060 | 39 | 2787 | 52 | 4110 | 41 |
| रायमोना राष्ट्रीय उद्यान | 3485 | 26 | 5464 | 0 | 6256 | 16 |
| देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान | 1158 | 78 | 1531 | 143 | 1426 | 116 |

**असम में राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों द्वारा एकत्रित किया गया राजस्व**

| राष्ट्रीय उद्यान/डब्ल्यूएलएस का नाम | वर्ष-दर-वर्ष एकत्रित किया गया राजस्व (रुपये में) | | |
|---|---|---|---|
| | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
| देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान | 3,77,875.00 | 4,44,250.00 | 4,57,300.00 |
| डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान | 1,19,775.00 | 1,78,575.00 | 1,58,955.00 |
| नामेरी राष्ट्रीय उद्यान | 27,42,835.00 | 41,44,955.00 | 44,07,565.00 |
| काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य | 8,88,45,711.00 | 9,69,44,331.00 | 11,11,31,196.00 |
| मानस राष्ट्रीय उद्यान | 1,31,86,875.00 | 1,52,92,000.00 | 1,75,74,600.00 |
| रायमोना राष्ट्रीय उद्यान | 3,72,500.00 | 5,52,960.00 | 10,09,400.00 |
| ओरंग राष्ट्रीय उद्यान | 6,03,965.00 | 6,00,050.00 | 4,13,850.00 |

स्रोत:- पर्यटन विभाग, असम सरकार

*****